भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-461

जिसका उत्तर 11 अगस्त, 2014 को दिया जाना है ।

राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के विद्युत संयंत्रों में
कोयले का सीमित भंडार

***461. श्री अविनाश पांडेः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम ने मंत्रालय को यह सूचना दी है कि इसके विद्युत संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति अपर्याप्त है और उनके पास कोयले का सीमित भंडार है जो कोयले की आपूर्ति में मामूली व्यवधान को भी झेल पाने में सक्षम नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो इस स्थिति में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

<u>विवरण</u>

"राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के विद्युत संयंत्रों में कोयले का सीमित भंडार" के बारे में राज्य सभा में दिनांक 11.08.2014 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 461 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

****

(क) : जी हाँ।

(ख) : इस स्थिति में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित कदम उठाए जा रहे हैं:-

(i) कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा घरेलू कोयले के उत्पादन को चालू वर्ष के लक्ष्यों से भी अधिक बढ़ाने के लिए संगठित प्रयास किए जा रहे हैं।

(ii) विद्युत यूटिलिटियों को सलाह दी गई है कि जहाँ भी आवश्यक हो, वे आयातित कोयले का प्रयोग करें।

(iii) सरकार में उच्च स्तर पर, कोयले की उपलब्धता की नियमित रूप से गहनता से निगरानी की जा रही है।

उपर्युक्त उपायों के परिणामस्वरूप, एनटीपीसी विद्युत संयंत्रों को घरेलू स्रोतों से कोयले की मासिक आपूर्ति, जून, 2014 के दौरान 82% की आपूर्ति की तुलना में जुलाई, 2014 के दौरान बढ़कर 96% हो गई है। एनटीपीसी ने जुलाई, 2014 के दौरान 9.26 लाख टन कोयले का आयात भी किया है।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-468

जिसका उत्तर 11 अगस्त, 2014 को दिया जाना है ।

उत्तराखंड में विद्युत कंपनियों द्वारा स्थानीय सामाजिक दायित्व संबंधी व्यय

***468. श्री महेन्द्र सिंह माहराः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तराखंड की विद्युत परियोजनाओं में स्थानीय सामाजिक दायित्व का निर्वहन करने हेतु धनराशि का कोई प्रावधन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो आज तक इस मद में विभिन्न विद्युत कंपनियों द्वारा कितनी धनराशि जमा की गई है;

(ग) टिहरी हाइड्रोइलेक्ट्रिक डेवलपमेन्ट कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि. द्वारा इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि जमा की गई और इसे कहां-कहां उपयोग किया गया है;

(घ) विद्युत कंपनियों द्वारा राज्य के बाहर सामाजिक दायित्वों पर व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) स्थानीय सामाजिक दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पाने वाली कंपनियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ङ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

विवरण

"उत्तराखण्ड में विद्युत कंपनियों द्वारा स्थानीय सामाजिक दायित्व संबंधी व्यय" के बारे में राज्य सभा में दिनांक 11.08.2014 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 468 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

****

(क) और (ख) : जी, हाँ। विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (सीपीएसयू) अपने परियोजना क्षेत्रों में स्थानीय सामाजिक दायित्वों के लिए निधियों का प्रावधान रखते हैं। उपलब्ध सूचना के अनुसार, इन सीपीएसयू द्वारा, उत्तराखण्ड में रहते हुए किए गए व्यय का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

(i) टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने उत्तराखण्ड में 2013-14 तक 67.60 करोड़ रूपए का व्यय किया है।
(ii) एसजेवीएन लिमिटेड ने उत्तराखण्ड में 2013-14 तक 1.94 करोड़ रूपए का व्यय किया है।
(iii) एनएचपीसी लिमिटेड ने उत्तराखण्ड में 2013-14 तक 1.31 करोड़ रूपए का व्यय किया है।
(iv) एनटीपीसी लिमिटेड ने उत्तराखण्ड में 2013-14 तक 7.0 करोड़ रूपए का व्यय किया है।

(ग) : टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा 2013-14 तक विभिन्न क्षेत्रों में सीएसआर कार्यों के लिए किए गए व्यय का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(राशि लाख रूपए में)

क्रम सं.	**कार्य के क्षेत्र**	**व्यय की गई राशि**
1	शैक्षणिक विकास	221.65
2	आर्थिक एवं सामुदायिक विकास	582.49
3	स्वास्थ्य एवं पशु देखभाल	126.99
4	पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन	62.65
5	आधारभूत सुविधाओं का विकास	986.92
6	महिला सशक्तिकरण एवं शिशु देखभाल	73.97
7	आपातकालीन आवश्यकता	23.84
8	अन्य सामाजिक कल्याण के कार्य-कलाप	175.41
9	प्रशासनिक व्यय	132.77
10	टीएचडीसी हाइड्रो अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान का निर्माण	2850.94
11	टीएचडीसी शिक्षा सोसायटी (टीईएस) के माध्यम से विद्यालय चलाना	1522.9
सीएसआर के अंतर्गत कुल व्यय		**6760.53**

(घ) : उपलब्ध सूचना के अनुसार, उपर्युक्त (क) और (ख) में उल्लिखित सीपीएसयू द्वारा उत्तराखण्ड राज्य से बाहर सामाजिक दायित्वों पर व्यय की गई निधियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(i) टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने 2013-14 के दौरान 0.13 करोड़ रूपए खर्च किए हैं।
(ii) एसजेवीएन लिमिटेड ने 2013-14 के दौरान 14.03 करोड़ रूपए खर्च किए हैं।
(iii) एनएचपीसी लिमिटेड ने 2013-14 के दौरान 30.57 करोड़ रूपए खर्च किए हैं।
(iv) एनटीपीसी लिमिटेड ने 2013-14 के दौरान 101.28 करोड़ रूपए खर्च किए हैं।

(ङ) : उपर्युक्त (क) से (घ) में दी गई सूचना के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-469

जिसका उत्तर 11 अगस्त, 2014 को दिया जाना है ।

निजी विद्युत उत्पादकों द्वारा अधिक प्रशुल्क की मांग

***469. श्री मोहम्मद अली खानः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या निजी विद्युत उत्पादों ने अधिक प्रशुल्कों की मांग की है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

<u>विवरण</u>

"निजी विद्युत उत्पादकों द्वारा अधिक प्रशुल्क की मांग" के बारे में राज्य सभा में दिनांक 11.08.2014 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 469 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

****

(क) : केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, निम्नलिखित उत्पादन कंपनियों ने अंतर्राष्ट्रीय कोयला कीमतों में वृद्धि और इंडोनेशिया सरकार के उस विनियम के प्रभाव के कारण राहत के लिए आयोग से संपर्क किया है, जिसमें उस देश से कोयले के निर्यात के लिए कोयले की कीमत अंतर्राष्ट्रीय कीमत के समान रखे जाने के लिए दीर्घावधि ईंधन आपूर्ति करार अपेक्षित थाः

(i) अदानी पावर लिमिटेड
(ii) कोस्टल गुजरात पावर लिमिटेड
(iii) कोस्टल आंध्र पावर लिमिटेड

केंद्रीय विद्युत विनायमक आयोग ने यह भी सूचित किया है कि रिलायंस पावर लिमिटेड ने भी झारखण्ड इंटीग्रेटिड पावर लिमिटेड और सासन पावर लिमिटेड के संबंध में अनिवार्य बाध्यता और कानून में परिवर्तन वाले दावों और विवादों के अधिनिर्णय के लिए आयोग से संपर्क किया है। इसके अतिरिक्त, जीएमआर-कमलंगा एनर्जी लिमिटेड और ईएमसीओ पावर लिमिटेड ने भी विद्युत क्रय करारों (पीपीए) के अंतर्गत अनिवार्य बाध्यता और कानून में परिवर्तन वाले दावों और विवादों के अधिनिर्णय के लिए आयोग से संपर्क किया है।

(ख) : अदानी पावर लिमिटेड और कोस्टल गुजरात पावर लिमिटेड के मामले में, आयोग ने याचिका संख्या 155/एमपी/2012 और 159/एमपी/2012 में दिनांक 21.02.2014 के आदेशों के माध्यम से इंडोनेशिया के उन विनियमों के प्रख्यापन के कारण कोयले की बढ़ी हुई कीमत के प्रभाव की क्षतिपूर्ति के लिए उत्पादन स्टेशनों की संबंधित यूनिटों को निर्धारित रूप से चालू किए जाने (एससीओडी) से प्रतिपूरक प्रशुल्क प्रदान किया है जिनमें दीर्घावधि संविदाओं में कोयले की कीमतों को अंतर्राष्ट्रीय कीमत के समान रखा जाना अपेक्षित था। इस प्रतिपूरक प्रशुल्क की प्रकृति परिवर्तनीय है और इंडोनेशिया के विनियमों के कारण उत्पादन कंपनियों के सामने आ रही कठिनाइयों से जुड़ी है।

तथापि, विद्युत प्रापकों/राज्यों ने विद्युत संबंधी अपीलीय प्राधिकरण (एपटेल) के समक्ष केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के आदेश के विरूद्ध याचिका दायर की है। एपटेल ने दिनांक 21.07.2014 को अंतरिम आदेश पारित किया है जो निम्नानुसार हैः

"(i) हम लाभग्राही आवेदकों को केंद्रीय आयोग के प्रतिवाद आदेशों के अनुसार वर्तमान भुगतान अर्थात मार्च, 2014 से भुगतान करने का निदेश देते हैं।

(ii) जून, 2014 के दौरान आपूर्ति की गई ऊर्जा के लिए जुलाई, 2014 में दिए गए बिल केंद्रीय आयोग के प्रतिवाद आदेशों के अनुसार पूर्ण रूप से तैयार किए जाएंगे। मार्च, 2014 से मई, 2014 तक की बकाया राशि का भुगतान जुलाई, 2014 के अंत से आगे छः समान किश्तों में किया जायेगा।

(iii) प्रतिवादी उत्पादक कंपनियां उनके द्वारा लाभग्राही आवेदकों से प्रतिपूरक प्रशुल्क के रूप में प्राप्त राशि का लेखा-जोखा रखेंगी। अपील स्वीकृत होने की स्थिति में, इस प्राप्त राशि को ब्याज सहित लाभग्राही आवेदकों/अपीलकर्ताओं को वापिस किया जाना होगा।

(iv) लाभग्राही आवेदकों द्वारा 01.04.2012 से 28.02.2014 तक की बकाया राशि के भुगतान के संबंध में पूर्व प्रभावी निदेश का, अपील का निपटान होने तक अनुपालन किए जाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वह अंतिम निपटान के पश्चात इन अपीलों के परिणाम के अध्यधीन होगा।"

इसके अतिरिक्त, यह मामला न्यायाधीन है।

कोस्टल आंध्र पावर लिमिटेड, झारखण्ड इंटीग्रेटिड पावर लिमिटेड और सासन पावर लिमिटेड, जीएमआर-कमलंगा एनर्जी लिमिटेड और ईएमसीओ पावर लिमिटेड के मामले में, आयोग द्वारा याचिकाओं की सुनवाई की गई है/सुनवाई के लिए सूची में रखा गया है।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-476

जिसका उत्तर 11 अगस्त, 2014 को दिया जाना है ।

गैस आधारित विद्युत संयंत्र

***476. श्री नारायण लाल पंचारियाः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने विभिन्न राज्यों को गैस आधारित विद्युत परियोजनाओं को प्रारंभ करने के संबंध में निर्देश दिए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी, राज्य-वार, ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या राजस्थान सरकार से इस संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

<u>विवरण</u>

"गैस आधारित विद्युत संयंत्र" के बारे में राज्य सभा में दिनांक 11.08.2014 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 476 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

****

(क) और (ख) : जी, नहीं। इसके विपरीत इस मंत्रालय ने गैस आधारित विद्युत संयंत्रों के सभी विकासकर्ताओं को 14.03.2012 को एक परामर्शिका जारी की थी कि वे अतिरिक्त घरेलू गैस उपलब्ध न होने के कारण वर्ष 2015-16 तक किसी भी घरेलू गैस आधारित विद्युत संयंत्र की योजना न बनाएं।

(ग) : राजस्थान सहित विभिन्न राज्य सरकारों से, पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को गैस आधारित विद्युत परियोजनाओं के लिए गैस के आबंटन हेतु अनुरोध प्राप्त हुए थे जिन्हें 24.02.2012 को आयोजित अधिकारप्राप्त मंत्री समूह (ईजीओएम) की बैठक में उनके समक्ष रखा गया था। तथापि, ईजीओएम द्वारा कोई आबंटन नहीं किया गया।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-480

जिसका उत्तर 11 अगस्त, 2014 को दिया जाना है ।

दाभोल विद्युत संयंत्र को गैस की अनियमित आपूर्ति

***480. श्री संजय राउतः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि रत्नागिरी गैस एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड के दाभोल विद्युत संयंत्र को इस समय रिलायन्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के के.जी. बेसिन से प्राकृतिक गैस की अनियमित आपूर्ति के कारण अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) सरकार ने इस संयंत्र को इसकी संपूर्ण क्षमता से चलाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए हैं अथवा उठाने का विचार रखती है?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

<u>विवरण</u>

"दाभोल विद्युत संयंत्र को गैस की अनियमित आपूर्ति" के बारे में राज्य सभा में दिनांक 11.08.2014 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 480 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

****

(क) से (ग) : जी, हां। कृष्णा गोदावरी धीरूभाई-6 (केजी डी-6) बेसिन से 7.6 मिलियन मीट्रिक स्टैण्डर्ड क्यूबिक मीटर प्रतिदिन (एमएमएससीएमडी) प्राकृतिक गैस के आबंटन की तुलना में रत्नागिरी गैस एण्ड पावर प्राइवेट लिमिटेड (आरजीपीपीएल) के दाभोल पावर प्लांट को मार्च, 2013 से गैस की आपूर्ति शून्य हो गई है।

इस मंत्रालय ने दिनांक 28.03.2014 के पत्र द्वारा पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सुझाव दिया है कि 2014-15 के दौरान विद्युत क्षेत्र को उपलब्ध होने वाली लगभग 4 एमएमएससीएमडी तक की अतिरिक्त घरेलू गैस आरजीपीपीएल को उपलब्ध कराई जाए।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3458

जिसका उत्तर 11 अगस्त, 2014 को दिया जाना है ।

विद्युत की मांग तथा आपूर्ति

3458. श्री के. एन. बालगोपालः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास आज की तिथि के अनुसार प्रत्येक राज्य में विद्युत की मांग एवं वास्तविक उपलब्धता के आंकलन है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2020 में विद्युत की मांग तथा उत्पादन क्या होंगे?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख) : चालू वर्ष अर्थात अप्रैल, 2014 से जुलाई, 2014 के दौरान ऊर्जा की व्यस्ततम मांग एवं उपलब्धता का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है ।

(ग) : एकीकृत उत्पादन की योजना पंचवर्षीय योजना-वार तैयार की जाती है। इन योजना अनुमानों के आधार पर **13**वीं योजना के अंत अर्थात अन्तिम वर्ष 2021-22 तक व्यस्ततम विद्युत भार 435 गीगावाट की प्रत्याशित संस्थापित उत्पादन क्षमता की तुलना में लगभग 283 गीगावाट होगा ।

****

अनुबंध

राज्य सभा में दिनांक 11.08.2014 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3458 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

****

2014-15 के लिए विद्युत आपूर्ति (अनंतिम)								
	ऊर्जा				व्यस्ततम			
राज्य/क्षेत्र	अप्रैल, 2014 - जुलाई, 2014				अप्रैल, 2014 - जुलाई, 2014			
	आवश्यकता	उपलब्धता	अधिशेष/कमी (-)		व्यस्ततम मांग	व्यस्ततम आपूर्ति	अधिशेष/कमी (-)	
	(एमयू)	(एमयू)	(एमयू)	(%)	(मेगावाट)	(मेगावाट)	(मेगावाट)	(%)
चंडीगढ़	626	626	0	0	352	352	0	0
दिल्ली	11,480	11,399	-81	-0.7	6,006	5,925	-81	-1.3
हरियाणा	16,417	16,356	-61	-0.4	8,752	8,752	0	0.0
हिमाचल प्रदेश	2,965	2,937	-28	-0.9	1,316	1,295	-21	-1.6
जम्मू और कश्मीर	5,317	4,255	-1,062	-20.0	2,422	1,938	-484	-20.0
पंजाब	19,286	19,022	-264	-1.4	12,212	10,377	-1,835	-15.0
राजस्थान	21,020	20,882	-138	-0.7	9,403	9,403	0	0.0
उत्तर प्रदेश	36,352	31,299	-5,053	-13.9	15,670	11,968	-3,702	-23.6
उत्तराखंड	4,214	4,116	-98	-2.3	1,833	1,833	0	0.0
उत्तरी क्षेत्र	117,677	110,892	-6,785	-5.8	51,112	47,232	-3,880	-7.6
छत्तीसगढ़	6,940	6,849	-91	-1.3	3,450	3,350	-100	-2.9
गुजरात	32,958	32,940	-18	-0.1	13,655	13,519	-136	-1.0
मध्य प्रदेश	16,775	16,679	-96	-0.6	7,388	7,033	-355	-4.8
महाराष्ट्र	46,767	45,835	-932	-2.0	19,749	18,658	-1,091	-5.5
दमन एवं दीव	734	734	0	0.0	297	297	0	0.0
दादर नागर हवेली	1,794	1,794	0	0.0	679	679	0	0.0
गोवा	1,453	1,450	-3	-0.2	501	489	-12	-2.4
पश्चिमी क्षेत्र	107,421	106,281	-1,140	-1.1	43,170	42,365	-805	-1.9
आंध्र प्रदेश	25,773	23,452	-2,321	-9.0	7,144	6,158	-986	-13.8
तेलंगाना	8,085	7,394	-691	-8.5	6,991	5,949	-1,042	-14.9
कर्नाटक	21,491	20,169	-1,322	-6.2	10,001	9,503	-498	-5.0
केरल	7,485	7,322	-163	-2.2	3,760	3,495	-265	-7.0
तमिलनाडु	34,053	32,995	-1,058	-3.1	13,663	13,498	-165	-1.2
पुडुचेरी	861	850	-11	-1.3	389	348	-41	-10.5
लक्षद्वीप	16	16	0	0	8	8	0	0
दक्षिणी क्षेत्र	97,748	92,182	-5,566	-5.7	39,094	35,698	-3,396	-8.7
बिहार	5,709	5,580	-129	-2.3	2,620	2,470	-150	-5.7
डीवीसी	6,268	6,219	-49	-0.8	2,610	2,590	-20	-0.8
झारखंड	2,487	2,464	-23	-0.9	1,060	1,037	-23	-2.2
ओडिशा	9,407	9,232	-175	-1.9	3,814	3,764	-50	-1.3
प. बंगाल	17,318	17,227	-91	-0.5	7,544	7,524	-20	-0.3
सिक्किम	129	129	0	0.0	80	80	0	0.0
अंडमान निकोबार-	80	60	-20	-25	40	32	-8	-20
पूर्वी क्षेत्र	41,318	40,851	-467	-1.1	16,628	16,342	-286	-1.7
अरूणाचल प्रदेश	196	188	-8	-4.1	118	116	-2	-1.7
असम	2,848	2,619	-229	-8.0	1,343	1,230	-113	-8.4
मणिपुर	197	187	-10	-5.1	131	125	-6	-4.6
मेघालय	576	485	-91	-15.8	299	297	-2	-0.7
मिजोरम	142	134	-8	-5.6	83	82	-1	-1.2
नागालैंड	196	188	-8	-4.1	120	117	-3	-2.5
त्रिपुरा	382	358	-24	-6.3	246	246	0	0.0
उत्तर पूर्वी क्षेत्र	4,537	4,159	-378	-8.3	2,263	2,045	-218	-9.6
अखिल भारतीय	368,701	354,365	-14,336	-3.9	148,166	140,633	-7,533	-5.1

लक्षद्वीप एवं अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में स्टैंड अलोन सिस्टम हैं, इनकी विद्युत की आपूर्ति स्थिति क्षेत्रीय व्यस्ततम मांग/व्यस्ततम पूरी की गई मांग का भाग नहीं होती है।

टिप्पणी : अप्रैल-मई, 2014 की अवधि के लिए आंध्र प्रदेश के ऊर्जा आंकड़ों में गैर-विभाजित आंध्र प्रदेश (तेलंगाना क्षेत्र सहित) के आंकड़े शामिल हैं। तेलंगाना के ऊर्जा आंकड़े जून, 2014 से है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के व्यस्ततम आंकड़े जून, 2014 से है। यह जून, 2014 से आंध्र प्रदेश का, आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना में विभाजन होने के कारण है।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3459

जिसका उत्तर 11 अगस्त, 2014 को दिया जाना है ।

पंजाब की जलविद्युत परियोजनाओं में राजस्थान की हिस्सेदारी

3459. श्री नारायण लाल पंचारियाः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पंजाब की जल विद्युत परियोजनाओं में हिस्सेदारी से संबंधित कोई समझौता केन्द्र सरकार तथा पंजाब, हरियाणा और राजस्थान की राज्य सरकारों के मध्य हस्ताक्षरित हुआ था;

(ख) यदि हां, तो विभिन्न परियोजनाओं में राजस्थान का हिस्सा कितना था तथा वर्ष-वार राजस्थान को कितना उपलब्ध करवाया गया; और

(ग) क्या जल विद्युत परियोजनाओं में हिस्सेदारी को लेकर राज्यों में कोई विवाद है; और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) : पंजाब, हरियाणा और राजस्थान राज्यों तथा भारत सरकार के बीच दिनांक 10.05.1984 को हुए करार में यह सहमति हुई थी कि आनंदपुर साहिब हाइडल प्रोजेक्ट, मुकेरियन हाइडल प्रोजेक्ट, थीन डैम प्रोजेक्ट, यूबीडीसी चरण-॥ और शाहपुर काण्डी हाइडल स्कीम में विद्युत की हिस्सेदारी के लिए हरियाणा और राजस्थान द्वारा किए गए दावों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार उच्चतम न्यायालय की राय जानने के लिए मामले को संदर्भित करेगी। माननीय उच्चतम न्यायालय से यह राय ली जानी थी कि क्या राजस्थान और हरियाणा राज्य इन हाइडल स्कीमों से उत्पादित विद्युत की हिस्सेदारी के पात्र हैं और यदि वे पात्र हैं तो प्रत्येक राज्य का हिस्सा कितना होगा।

तथापि, उसके पश्चात पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों के बीच दिनांक 29-30 जुलाई, 1992 और 6 अगस्त, 1992 को विचार-विमर्श हुआ और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि मामले को माननीय उच्चतम न्यायालय में संदर्भित नहीं किया जाएगा। यह निर्णय भी लिया गया था कि राज्य पारस्परिक परामर्श से यथोचित सहमति पर पहुंचेंगे। मामले के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए कई औपचारिक एवं अनौपचारिक बातचीत की गई। तथापि, पणधारी राज्यों के अलग-अलग मतों के कारण अब तक कोई सहमति नहीं बन पाई है।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3460

जिसका उत्तर 11 अगस्त, 2014 को दिया जाना है ।

केंद्रीय जल आयोग के समक्ष लंबित जल विद्युत परियोजनाएं

3460. श्री भूपिंदर सिंहः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केंद्रीय जल आयोग के समक्ष कब से राज्य-वार कितनी प्रमुख जलविद्युत परियोजनाएं लंबित पड़ी हुई हैं;

(ख) यदि सभी लंबित परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी जाती है, तो राज्य-वार कितने-कितने भू-क्षेत्र सिंचित हो जाएंगे;

(ग) इन परियोजनाओं से राज्य-वार विद्युत उत्पादन की मात्रा कितनी होगी; और

(घ) सरकार द्वारा इन परियोजनाओं को पूरा करने हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) : कुल 10589.5 मेगावाट की संस्थापित क्षमता वाली 29 जल विद्युत परियोजनाएं (एचईपी) केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के पास मूल्यांकन के लिए हैं। इनमें से कुल 1159.5 मेगावाट की संस्थापित क्षमता वाली 10 परियोजनाएं बहुउद्देशीय जल संसाधन परियोजनाएं (**अनुबंध-I** पर दिए ब्यौरे के अनुसार) हैं, जिनमें विद्युत और सिंचाई दोनों घटक हैं तथा कुल 9430 मेगावाट की संस्थापित क्षमता वाली 19 जल विद्युत परियोजनाएं (**अनुबंध-II** पर दिए ब्यौरे के अनुसार) केवल विद्युत घटक वाली हैं।

(ख) : इन परियोजनाओं से सिंचित की जाने वाली कुल भूमि 1176961 हेक्टेयर है। परियोजना-वार ब्यौरा अनुबंध-I पर दिया गया है।

(ग) : अनुबंध-। और ॥ पर दिए गए ब्यौरे के अनुसार विकासकर्ता द्वारा यथा प्रस्तावित इन परियोजनाओं से विद्युत उत्पादन/(संस्थापित क्षमता) की मात्रा 10589.5 मेगावाट (1159.5 मेगावाट बहुउद्देशीय परियोजनाओं से तथा 9430 मेगावाट विद्युत परियोजनाओं से) है।

(घ) : बहुउद्देशीय परियोजना हेतु सीडब्ल्यूसी के मौजूदा दिशा निर्देशों के अनुसार, केन्द्रीय डिजाइन संगठन (सीओडी) की मौजूदगी वाले राज्यों के लिए परियोजनाओं हेतु मूल्यांकन 6 माह में पूरा किया जाएगा तथा जहां सीओडी अस्तित्व में नहीं है उन राज्यों के लिए यह कार्य 12 माह में किया जाएगा, बशर्ते कि संबंधित परियोजना विकासकर्ता द्वारा विभिन्न पहलुओं पर जारी की गई टिप्पणियों का उपयुक्त अनुपालन किया गया हो।

1000 करोड़ से अधिक के पूंजीगत व्यय वाली जल विद्युत परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) सहमति के लिए केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) को प्रस्तुत की जाती हैं। डिजाइन के विविध पहलुओं के मूल्यांकन की दृष्टि से सीईए सीडब्ल्यूसी/जल संसाधन मंत्रालय/केन्द्रीय मृदा एवं सामग्री अनुसंधान केन्द्र तथा भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण आदि से परामर्श करता है। मूल्यांकन समूहों/एजेंसियों से सभी पहलुओं पर अनुमोदन प्राप्त हो जाने पर सीईए 90 कार्य दिवसों की अवधि के भीतर जहां तक व्यवहार्य हो सहमति प्रदान करने का प्रयास करता है।

****

अनुबंध-I

राज्य सभा में दिनांक 11.08.2014 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3460 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

****

सीडब्ल्यूसी में मूल्यांकन के अधीन सिंचाई एवं विद्युत दोनों घटक वाली बहुउद्देश्यीय जल संसाधन परियोजनाएं

क्रम सं.	स्कीम	स्वीकार करने का माह	संस्थापित क्षमता (मेगावाट)	सिंचाई लाभ (भूमि हेक्टेयर में)
जे एण्ड के				
1	उझ मल्टीपरपोज प्रोजेक्ट	11/2013	280	32000
उप-जोड़			**280**	**32000**
उत्तराखण्ड				
2	जमरानी डैम मल्टीपरपोज प्रोजेक्ट (संशोधित)	02/2006	14	139386
उप-जोड़			**14**	**139386**
हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश				
3	किशॉ मल्टीपरपोज प्रोजेक्ट	10/2010	600	97000
उप-जोड़			**600**	**97000**
मध्य प्रदेश				
4	बीना कॉम्प्लेक्स इरीगेशन एण्ड मल्टीपरपोज प्रोजेक्ट	10/2010	32	77000
5	चिंकी मल्टीपरपोज प्रोजेक्ट	01/2013	15	86215
6	शेर-शक्कर मछरेवा कॉम्प्लेक्स प्रोजेक्ट	01/2014	30	64800
7	केन बेटवा फेज-1	12/2011	72	646000
उप-जोड़			**149**	**874015**
असम				
8	कुलसी डैम प्रोजेक्ट	07/2014	29	23900
उप-जोड़			**29**	**23900**
अरुणाचल प्रदेश				
9	नोई देहांग डैम प्रोजेक्ट	05/2014	75	800
उप-जोड़			**75**	**800**
मणिपुर				
10	चकपी मल्टीपरपोज प्रोजेक्ट	07/2012	12.5	9860
उप-जोड़			**12.5**	**9860**
कुल (अखिल भारत)			**1159.5**	**1176961**

****

अनुबंध-II

राज्य सभा में दिनांक 11.08.2014 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3460 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

****

सीडब्ल्यूसी में मूल्यांकन के अधीन जल विद्युत परियोजनाएं (केवल विद्युत घटक वाली)

क्रम सं.	स्कीम	क्षेत्र	संस्थापित क्षमता (मेगावाट)	स्वीकार करने का माह
जे एण्ड के				
1	किरू	राज्य (जेवी)	660	08/12
2	किरथई-I	राज्य	390	01/13
3	स्वालकोट	राज्य	1856	01/14
4	क्वार	राज्य	560	05/14
उप-जोड़			**3466**	
हिमाचल प्रदेश				
5	सेली	निजी	400	12/11
6	छतरू	निजी	126	04/12
7	सच खास	निजी	267	01/13
8	लुहरी	केंद्रीय	601	03/13
उप-जोड़			**1394**	
उत्तराखण्ड				
9	जेलम टमक	केंद्रीय	108	12/12
10	बोवाला नंद प्रयाग	राज्य	300	08/12
उप-जोड़			**408**	
बिहार				
11	डगमारा	राज्य	130	04/12
उप-जोड़			**130**	
असम				
12	लोअर कोपिली	राज्य	120	03/13
उप-जोड़			**120**	
अरुणाचल प्रदेश				
13	डेम्वे अपर	निजी	1080	07/12
14	न्यूकचरोंग छू	निजी	96	01/13
15	टाटो-I	निजी	186	05/13
16	हियो	निजी	240	07/13
17	सुबानसिरी मिडिल (कमला)	निजी	1800	10/13
उप-जोड़			**3402**	
मेघालय				
18	किंशी-I	निजी	270	02/13
19	उम्नगोट	राज्य	240	03/13
उप-जोड़			**510**	
कुल (अखिल भारत)			**9430**	

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3461

जिसका उत्तर 11 अगस्त, 2014 को दिया जाना है ।

विद्युत की मांग संबंधी अध्ययन

3461. श्रीमती जया बच्चनः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश की विद्युत आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता में अभाव पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने भविष्य में विद्युत की मांग का आंकलन करने हेतु कोई अध्ययन कराया है;

(ग) क्या सरकार ने भविष्य में अपेक्षित विद्युत उत्पादन हेतु रूपरेखा तैयार की है; और

(घ) यदि हां, तो पहले से उठाए गए कदमों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है एवं यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख) : जी हाँ।

(ग) और (घ) : सरकार देश में विद्युत की मांग एवं आपूर्ति के बीच के अंतर को पूरा करने के लिए सभी प्रयास कर रही है। देश में विद्युत की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन क्षमता अभिवृद्धि के लिए आयोजना की गई है। देश में 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान पारंपरिक स्रोतों से 88,537 मेगावाट उत्पादन क्षमता अभिवृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान ग्रिड इंटरएक्टिव नवीकरणीय क्षमता अभिवृद्धि 30,000 मेगावाट होने की संभावना है। इस क्षमता अभिवृद्धि से 18वें इलेक्ट्रिक पावर सर्वे (ईपीएस) के अनुसार अखिल भारतीय आधार पर विद्युत की अनुमानित मांग को

12वीं पंचवर्षीय योजना के अंतिम वर्ष तक पूरा किए जाने की संभावना है। सरकार ने राज्यों को अपनी अनुमानित मांग आपूर्ति परिदृश्य के अनुरूप अपनी मांग को पूरा करने के लिए विद्युत की व्यवस्था करने की सलाह दी है।

इसके अतिरिक्त, उपभोक्ताओं को विद्युत की आपूर्ति-कमी को घटाने के लिए सरकार निम्नलिखित कदम उठा रही हैः-

(i) विद्युत की निकासी के लिए अंतर-राज्यीय और अंतर-क्षेत्रीय पारेषण क्षमता के सुदृढ़ीकरण के लिए एक वृहत कार्यक्रम प्रारंभ करना।

(ii) कार्यान्वयनाधीन विद्युत परियोजनाओं के लिए पर्यावरण और वन स्वीकृति से संबंधित मामलों का शीघ्र समाधान करना।

(iii) विद्युत संयंत्रों द्वारा उत्पादन बढ़ाने के लिए कोयले के आयात की अनुमति देकर देशी कोयले की उपलब्धता की कमी को पूरा करना।

(iv) ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा दक्षता और मांग पक्ष प्रबंधन उपायों को बढ़ावा देना।

(v) विद्युत स्टेशनों के संयंत्र भार कारक में सुधार करने के लिए संबंधित राज्य और केंद्रीय विद्युत यूटिलिटियों द्वारा नवीकरण और आधुनिकीकरण (आरएंडएम) कार्य किए जाते हैं।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3462

जिसका उत्तर 11 अगस्त, 2014 को दिया जाना है ।

'हाई टेन्शन' तारों के कारण दुर्घटनाएं

3462. श्री कल्पतरू दासः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दिल्ली तथा अन्य स्थानों में विद्युत कंपनियों की 'हाइ टेन्शन' तारों के काफी नजदीक में रहने वाले लोगों की विद्युत आघात के कारण काफी संख्या में अप्राकृतिक मौतें हुई हैं;

(ख) क्या ऐसे निवासियों को ऐसे 'लाइव' तारों से सचेत रहने तथा अपने घरों का निर्माण करते समय ऐसी 'वायर' के नजदीक न आने की चेतावनी जारी की जाती है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने इस प्रकार की अप्राकृतिक मौतों पर नियंत्रण लगाने हेतु कोई कार्य-योजना तैयार की है; और

(ङ) शहरों में ऐसी 'हाइ-टेन्शन लाइव' तारों के काफी नजदीक किसी प्रकार के निर्माण को प्रतिबंधित करने हेतु क्या कार्य योजना है?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) : दिल्ली तथा अन्य स्थानों में, हाई टेंशन तारों के काफी नजदीक निवास करने वाले लोगों की विद्युत आघात लगने के कारण हुई कुछ अप्राकृतिक मौतों की सूचना विद्युत कंपनियों द्वारा दी गई है। यह सामान्यतः अनाधिकृत निर्माण एवं सांविधिक स्वीकृतियों का उल्लंघन कर भवन का विस्तार करने के कारण होता है। जब भी ऐसे मामलों का पता चलता है तो वितरण कंपनियों द्वारा निवासियों को हाई टेंशन ओवरहेड लाइनों के नीचे ऊंची उठाई गई अनाधिकृत संरचनाओं को हटाने के लिए नोटिस दिए जाते हैं। जिन मकान-मालिकों ने संरचनाओं/घर की बालकनी/चारदीवारी आदि को विद्युत की लाइनों के एकदम नजदीक तक बढ़ा लिया होता है, उन्हें चेतावनी-पत्र जारी किए जाते हैं।

(घ) : ओवरहेड लाइनें लगाते समय, राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों की वितरण कंपनियां, विद्युत आपूर्ति के सुरक्षा संबंधी मुद्दों से संबंधित, विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 53 के अंतर्गत बनाए गए, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित उपाय) विनियम, 2010 के प्रावधान के अनुसार पर्याप्त उध्वार्धर एवं क्षैतिज अंतर सुनिश्चित करती हैं। इसके अतिरिक्त हाई टेंशन लाइनों के विद्युत खंभों पर "खतरा" चेतावनी के साइनबोर्ड प्रदर्शित किए जाते हैं।

(ङ) : केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित उपाय) विनियम, 2010 के प्रावधानों के अनुसार, हाई टेंशन विद्युत लाइनों के निकट निर्माण संबंधी कार्यकलाप निषिद्ध है।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3463

जिसका उत्तर 11 अगस्त, 2014 को दिया जाना है ।

आंध्र प्रदेश में विद्युत परिसंपत्तियों का बंटवारा

3463. श्री जेसुदासु सीलमः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 में यथा अंतर्निहित राज्य भार प्रेषण केन्द्र (एस.एल.डी.सी.) की स्थापना, दक्षिणी विद्युत वितरण कंपनी से अनंतपुर एवं कर्नूल को पूर्वी विद्युत वितरण कंपनी को अंतरण करने हेतु मौजूद प्रावधानों का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा इस संबंध में कौन-से कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) आंध्र प्रदेश सरकार की क्या भूमिका है तथा उनके उत्तरदायित्वों की स्थिति क्या है?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) : राज्य भार प्रेषण केन्द्र (एस.एल.डी.सी.) की स्थापना और अनंतपुर तथा कर्नूल जिलों के अंतरण के लिए प्रावधान आन्ध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 की 12वीं अनुसूची के पैरा ग-विद्युत में खण्ड 4 एवं 8 में वर्णित हैं, जिनका उल्लेख इस प्रकार हैः

"4. विद्यमान राज्य भार प्रेषण केन्द्र (एस.एल.डी.सी.) दोनों उत्तराधिकारी राज्यों के लिए कार्य करेगा जिसकी अवधि 2 वर्ष से अधिक नहीं होगी, इस समय के भीतर प्रत्येक उत्तराधिकारी राज्य के लिए पृथक एसएलडीसी की स्थापना की जाएगी । इस अवधि के दौरान, विद्यमान एसएलडीसी बंगलुरू स्थित दक्षिणी आरएलडीसी के प्रत्यक्ष प्रशासन एवं नियंत्रण के अधीन कार्य करेगा ।

8. एपी सेंट्रल पावर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के अधिकार क्षेत्र में आने वाले अनंतपुर तथा करनूल जिले अब पुनः एपी साउथ पावर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी लिमिटेड को सौंपे जाएंगे।"

(ख) और (ग) : आंध्र प्रदेश सरकार ने दिनांक 11.07.2014 के जी.ओ.एम संख्या 33 द्वारा अधिसूचित किया है कि जब तक कि राज्य सरकार विद्युत अधिनियम, 2003 के भाग 5 के अंतर्गत यथा वर्णित शक्तियों के प्रयोग और कार्यों के निर्वहन के प्रयोजन के लिए सरकारी कंपनी अथवा किसी प्राधिकरण अथवा निगम की स्थापना करे, 02.06.2014 से कार्यरत राज्य भार प्रेषण केन्द्र (एस.एल.डी.सी.) विद्युत सौधा, हैदराबाद से प्रचालनरत आंध्र प्रदेश राज्य भार प्रेषण के रूप में कार्य करेगा और मैसर्स ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ आंध्र प्रदेश लिमिटेड, जो राज्य पारेषण यूटिलिटी है, द्वारा प्रचालित किया जाएगा।

एकीकृत आंध्र प्रदेश सरकार ने दिनांक 29.05.2014 के जीओएम संख्या 25 द्वारा आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के प्रावधानों के कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। जीओएम संख्या 25 के पैरा 19 में यह उल्लेख किया गया है कि दो जिलों अनंतपुर तथा कर्नूल के एपी साउथ पावर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी लिमिटेड (एपीएसपीडीसीएल) को अंतरण के कारण ऊर्जा विभाग के दिनांक 08.05.2014 के जीओएम संख्या 20 के अनुसार एपी सेन्ट्रल पावर डिस्ट्रिब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के 17.45 % इक्विटी शेयर एपीएसपीडीसीएल को अंतरित किए जाएंगे।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3464

जिसका उत्तर 11 अगस्त, 2014 को दिया जाना है ।

विद्युत क्षेत्र का कार्य-निष्पादन

3464. श्री ईश्वरलाल शंकरलाल जैनः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत विश्व में पांचवां सबसे बड़ा बिजली उत्पादक देश है, लेकिन प्रति व्यक्ति उपभोग के संदर्भ में इसका स्थान 150वां है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बिजली की मांग-आपूर्ति में असंतुलन बढ़ रहा है, क्योंकि विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों लोगों के लिए बिल्कुल भी बिजली उपलब्ध नहीं है;

(घ) यदि हां, तो क्या विद्युत क्षेत्र में सुधार अत्यावश्यक है, क्योंकि अनुमानित वित्तीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के चार प्रतिशत से अधिक है; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा कौन-से कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

विद्युत, कोयला एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

